# सचिन पायलट आज गढ़मोरा में करेंगे राजेश पायलट की प्रतिमा का अनावरण

## राजेश पायलट व स्वत्रंतता सेनानी धन सिंह कोतवाल की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम आज

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं किसान नेता राजेश पायलट व स्वत्रंतता सेनानी धन सिंह कोतवाल की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम शुक्रवार दोपहर 2 बजे राजा मोरध्वज नगरी गढ़मोरा में आयोजित होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एआईसीसी महासचिव व पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को आयोजक कमेटी के सदस्यों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। आयोजक समिति के देवनारायण मंदिर कमेटी अध्यक्ष विश्राम चपराना, विधायक घनश्याम मेहर, पूर्व विधायक जीआर खटाना, पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, पीसीसी सदस्य सुरेन्द्र गुर्जर दौसा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सभास्थल का जायजा लिया व पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना ने बताया कि सचिन पायलट यहाँ मूर्ति



कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई।

अनावरण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद एक विशाल किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को हम सबको मिलकर ऐतिहासिक बनाना है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने की अपील की। जगदीश मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष घनश्याम खटाना, पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष दयाराम ठेकेदार, जिला

■ **पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के आगमन से पहले बैठक कर कार्यक्रम की रुपरेखा बनाई**

उपाध्यक्ष मुरारीलाल खटाना, हंसराज सरपंच ने कैमरी परिक्षेत्र के 12 गांव खटाना परिवार के कैमरी, तेसगांव, खेड़ला, खेड़ली, बड़ागांव, मेढ़े का पूरा, मेहते का पूरा, धमाड़ी, बाढ़, आँधियाखेड़ा, बालाखेड़ा, रौंसी सहित आंतरी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में भीड़ जुटाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम स्थल पर हेमराज सरपंच, दरब सरपंच, जयसिंह बना सरपंच, करण भोंडवाडा, बत्तीलाल गोठ, सुरेन्द्र चपराना, सुमरन पिलवाड, गुमान राजा मुंडिया, युवा कांग्रेस के भूपेन्द्र खटाना कैमरी, अखलेश खटाना सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्कूटी पाकर खिले चेहरे

**नदबई,** (निसं)। कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत नदबई क्षेत्र की कई होनहार छात्राओं को स्कूटी वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ विद्यालय प्रांगण में किया गया, जहां विद्यालय संचालक त्रिलोक शास्त्री ने छात्राओं को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों ने ब्लॉक में सर्वाधिक स्कूटी वितरण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया और मेधावी छात्राओं की मेहनत की सराहना की। विद्यालय प्रशासन ने शिक्षकों और अभिभावकों का भी आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से छात्राएं इस मुकाम तक पहुंची हैं।

योजना के तहत चंचल, सोनम, खुशी, मीनाक्षी सहित कई छात्राओं को स्कूटी प्रदान की गई। इन छात्राओं ने परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। स्कूटी प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने सरकार की इस पहल के लिए आभार जताया। स्कूटी प्राप्त करने के बाद छात्राओं ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि, यह योजना न केवल उनकी मेहनत का सम्मान है, बल्कि आगे की पढ़ाई में भी मददगार साबित होगी।

## सार-समाचार

### 6 वाहन उपलब्ध करवाने की घोषणा

**डीग/भरतपुर,** (निसं)। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में पुलिस विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जिला कलेक्टर उत्सव कौशल और जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा मौजूद रहे। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग को मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए नवीन डीग जिले में संसाधन को सुदृढ़ करने के लिए श्री बेढ़म ने पुलिस विभाग को विधायक कोटे से 6 वाहन उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार पारदर्शी सरकार है और सभी वर्गों के हितों को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि वाहन उपलब्ध होने से अपराधिक मूवमेंट को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा और विभाग के कार्य में सुधार आएगा। इसके अतिरिक्त बैठक में अधिकारियों को दो टूक शब्दों में निर्देशित किया गया है कि अपराधी कोई भी हो उसे बक्शा न जाए। कोई भी अपराध स्वीकार नहीं किया जाएगा। गौतस्करी, गौकशी, ऑनलाइन फ्रॉड, अवैध खनन सहित अन्य अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए इन गतिविधियों में गिरावट लाने के निर्देश दिए गए। इससे पूर्व पीपीटी के माध्यम से जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा द्वारा डीग पुलिस के बारे में आवश्यक जानकारी गृह राज्य मंत्री को दी गई। श्री मीणा ने बैठक में बताया कि साइबर ठगी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 01 रेंज स्पेशल व 02 जिला स्पेशल टीम का गठन किया गया। वर्ष 2024 में 347 दर्ज प्रकरण में से 1289 साइबर ठग गिरफ्तार, 2153 मोबाइल फोन जब्त, 3266 सिम कार्ड जब्त, 25530 सिम कार्ड ब्लॉक, 21222 आईएमईआई ब्लॉक, 624 एटीएम जब्त करने के साथ ही अपराधिक गतिविधियों में गिरावट लाने का कार्य पुलिस विभाग द्वारा किया गया।

### ड्यूटी मजिस्टेट नियुक्त

**करौली,** (निसं)। जिला मजिस्टेट नीलाभ सक्सेना ने बताया कि जिले मे 6 अप्रैल को रामनवमी, 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती व 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनायी जायेगी। इस संबंध मे जिला मजिस्टेट ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त उपखंड मजिस्टेट को उनके संबंधित क्षेत्र हेतु नियुक्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये है। इसके अलावा उन्होने कहा कि संबंधित तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्टेट अपने अपने क्षेत्र के उपखंड मजिस्टेट के निर्देशन मे कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने समस्त उपखंड मजिस्टेटों, तहसीलदारों व समस्त नायब तहसीलदरों को बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोडने के भी निर्देश दिये हैं।

### समस्याओं का मौके पर किया समाधान

**नदबई,** (निसं)। बरौलीरान में आयोजित ब्लॉकस्तरीय जनसुनवाई दौरान एसडीएम गंगाधर मीणा ने ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए मूलभूत समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। वही, करीब एक दर्जन से अधिक दर्ज परिवाद को निर्धारित समयावधि में समाधान करने को कहा। जनसुनवाई दौरान ग्रामीणों ने बिजली-पानी, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन नही होने सहित अन्य समस्याओं के बारे में बताया। जिस पर एसडीएम ने गर्मी में बिजली-पानी व मौसमी बीमारी की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने की सख्त हिदायत दी। वही, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए जरुरतमंद लोगों को लाभान्वित करने व योजनाओं का सफल क्रियान्वन करने को कहा। जनसुनवाई दौरान एसडीएम ने विकास कार्यो को लेकर भी चर्चा करते हुए ग्रामीणों को सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान तहसीलदार दीपा यादव, सरपंच शकुंतला देवी, अतिरिक्त विकास अधिकारी श्रीराम सैनी, ग्राम विकास अधिकारी लेखराज सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### थाने को नई गाड़ी मिलने पर हर्ष की लहर

**नदबई,** (निसं)। नदबई उप तहसील मुख्यालय लखनपुर स्थित पुलिस थाने को नई गश्ती गाड़ी मिलने से क्षेत्र के ग्रामीणों और पुलिस प्रशासन में हर्ष की लहर है। स्थानीय नागरिकों और जिला सीएलजी सदस्य महेश लखनपुर ने इस सुविधा के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधायक कुंवर जगतसिंह, रेंज आईजी राहुल प्रकाश, जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा एवं थानाधिकारी शैलेन्द्र सिंह का आभार व्यक्त किया है। जिला सीएलजी सदस्य महेश लखनपुर ने बताया कि, थाना लखनपुर की पूर्व गश्ती गाड़ी लंबे समय से खराब चल रही थी, जिसके कारण पुलिस की रात्रिकालीन गश्त प्रभावित हो रही थी। कई बार तो गाड़ी रास्ते में ही बंद हो जाती थी, जिससे पुलिस टीम को पैदल या अन्य साधनों से गश्त करनी पड़ती थी। इस कारण आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण में बाधा उत्पन्न हो रही थी और आमजन को भी असुरक्षा की स्थिति का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अटारी प्रवास के दौरान उन्हें पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था। इसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लखनपुर थाने के लिए नई गाड़ी स्वीकृत कर दी, जो अब थाने को उपलब्ध करा दी गई है।

### पार्किंग ठेकेदार कर रहा है लूटपाट

**करौली,** (निसं)। उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठ तीर्थ स्थल कैलादेवी में चल रहे मेले के दौरान कार पार्किंग संचालक लोगों से मनमानी राशि वसूल रहे हैं और नहीं देने पर झगड़ा करने के लिए उतारू हो जाते हैं। आस्था धाम कैलादेवी में इन दिनो लक्खी मेला चल रहा है मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों से पार्किंग संचालक मनमानी राशि वसूल कर उन्हें रसीद तक नहीं दे रहे हैं गंभीरप्रद तो यह है कि करौली से करणपुर जा रहे वाहनों से भी कर पार्किंग ठेकेदार के लोग 100 से 150 रुपए वसूल कर रहे हैं और लोगों द्वारा यह कहने पर कि हम कैलादेवी दर्शन करने के लिए नहीं आए हैं हम तो करणपुर जा रहे हैं जिस बात पर वह है झगड़ा करने के लिए उतारू हो जाते हैं जिला प्रशासन को चाहिए कि मेले के दौरान चल रही पार्किंग पर विशेष रूप से निगरानी रखी जाए और करणपुर जाने वाले लोगों से किसी प्रकार कि कोई राशि वसूली नहीं हो।

## रामनवमी पर करौली में निकलेगी शोभायात्रा

**करौली,** (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर 6 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन होगा जिसको लेकर आयोजन कमेटी ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी।

करौली शहर के वजीरपुर गेट बाहर स्थित रामस्नेही किर्तीराम आदर्श विद्या मंदिर रामद्वारा में दोपहर 2:00 बजे रामनवमी कि निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर आयोजकों ने वार्ता कि इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष और शोभायात्रा समिति के संयोजक चैरजी सिंह, सह संयोजक नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केसर सिंह नरूका के अलावा कई अन्य प्रमुख लोक उपस्थित थे उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को साय 4:00 बजे वजीरपुर गेट बाहर रामद्वारा से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के वजीरपुर गेट, बड़ा बाजार, अनाज मंडी, सदर बाजार, फूटाकोट होते हुए हटवाडा बाजार, भूडारा बाजार, होली खिडकिया, ट्रक यूनियन से पुलिस अधीक्षक कार्यालय, कलेक्ट्रेट सर्किल होते हुए वापस राम द्वारा पर आकर संपन्न होगी शोभायात्रा में 21 घोडो पर सवार होकर पूर्व सैनिक चलेंगे तो वही शोभा यात्रा में आकर्षण का केंद्र विभिन्न भगवानों कि तीन सजीव झांकियां रहेगी शोभायात्रा के दौरान एक रथ में मासलपुर ध्रुवघटा आश्रम के संत हरिद्रानंद सरस्वती जी महाराज बैठकर चलेंगे वहीं शोभायात्रा में भारी संख्या में युवा, मातृशक्ति और लोग शामिल होंगे।

## बैठक आयोजित

**भरतपुर,**(निसं)। तंबाकू मुक्त गाँव एवं तंबाकू वेंडर लाइसेंसिंग का प्रभावी क्रियान्वयन करने हेतु जिला स्तरीय बैठक गुरुवार को जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। तंबाकू मुक्त राजस्थान अभियान के क्रियान्वयन और लोगों में बढ़ते तंबाकू सेवन के सबंध में साथ ही कोटपा और तंबाकू के लिए वेंडर लाइसेंसिंग के क्रियान्वयन पर चर्चा की।

जिला कलक्टर ने कहा कि तंबाकू सेवन परिवार, समाज व देश के लिए भी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। इसका प्रभाव हमारे देश की सामाजिक एवं अर्थव्यवस्था पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप पड रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को तंबाकू के सेवन से बचाने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों को एक टीम भावना से कार्य करने की आवश्यकता है।

## भाजपा स्थापना दिवस को लेकर बैठक सम्पन्न

**करौली,** (निसं)। भाजपा जिला प्रवक्ता मुकेश सालोंत्री ने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में करौली मे संभाग प्रभारी ने प्रेसवार्ता कर आयोजित होने वाले कार्यक्रमो कि जानकारी दी।

करौली के शिव अशोका पैराडाइज के पास स्थित फार्म हाउस पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस मे मुख्य अतिथि स्थापना दिवस के संभाग प्रभारी पूर्व सांसद सुखवीर जोनपुरीया, भरतपुर संभाग के प्रभारी हेमराज मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह धाबाई, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया उपस्थित रहे प्रेस कांफ्रेंस के प'चात तत्पश्चात पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में भाजपा कि संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई जिला स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि जोनपुरिया ने करौली जिले के 23 मंडल अध्यक्षो एवं 23 मंडलों के संयोजकों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और बताया कि 6 अप्रैल के स्थापना दिवस का कार्यक्रम 14 अप्रैल तक चलेगा जिसमे 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को बड़े स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम के द्वारा मनाया जाएगा। सभी पार्टी कार्यालय पर एवं सभी कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडा फहराया जाएगा और मोबाईल से सेल्फी ली जाएगी एवं सोशल मीडिया पर उसे पोस्ट किया जाएगा। 6 अप्रैल एवं 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ स्तर पर प्राथमिक सदस्यों को एकत्रित कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। 8 अप्रैल एवं 9 अप्रैल को मंडल में विधानसभा स्तर पर सभी सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा और सम्मेलन में तीन वक्ताओं द्वारा तीन विषय प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होने बताया कि 7 अप्रैल से 12 अप्रैल के बीच मंडल अध्यक्ष स्तर से ऊपर के सभी भाजपा पदाधिकारियो, नए एवं पुराने पदाधिकारी सहित ब्लॉक, पंचायत सदस्यों एवं वार्ड पार्षदों के स्तर से ऊपर के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को गांव एवं बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा।

## प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर,** (निसं)। स्वर्णकार समाज सेवा समिति द्वारा आज बिहारी जी मंदिर में चल रही रामकथा के अंतर्गत रामायण से संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीरामजी की आरती से किया गया। जिसमें सभी भक्तों को सही उत्तर देने पर बहुत सारे उपहार दिए गए। कार्यक्रम में सभी भक्तों ने बड़े उत्साह से भाग लिया।अध्यक्ष अंजना सोनी ने बताया कि ये कार्यक्रम कराने का उद्देश्य भक्तों को जागरूक और उत्साहित करना था।सचिव ज्योति वर्मा ने बताया कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति को जीवित रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।संस्था कीओर से गुरुदेव बाबा बालकनाथ का पटका शॉल माला पहनाकर सम्मान किया गया। स्वरूप बने बच्चो को गिफ्ट दिए गए। कार्यक्रम में शकुन सोनी, नीतू वर्मा, ममता सोनी, ज्योति वर्मा, पारूल वर्मा, कुसुम वर्मा, शशि वर्मा, कुसुम, सोनी, आरती वर्मा, आदि बहनों ने सहयोग प्रदान किया।

## जिला कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

**करौली,** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवीन त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की अनुपालना में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। पंचायत समिति श्रीमहावीरजी केग्राम पंचायत मुख्यालय के भारत निर्माण केन्द्र पर जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर 90 से 180 दिन के प्रकरण, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभाग कार्यालय, मानवाधिकार आयोग से प्राप्त प्रकरणों का अधिकारी 7 दिन मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को राहत मिले। उन्होंने लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें जिससे परिवादी की समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं उपखंड अधिकारियों को हिदायत दी कि वे आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना को शीघ्रता से भिजवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ नियमित रूप से सुनें।

## अवैध खनन प्रभावित क्षेत्रों का किया मुआयना

**डीग/भरतपुर,( निसं )।** जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण के लिए जिला कलेक्टर उत्सव कौशल और जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा ने गुरुवार को डीग जिले के पहाड़ी और सीकरी उपखंड का दौरा कर अवैध खनन प्रभावित क्षेत्रों का मुआयना किया। अवैध खनन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए आकस्मिक अभियान के तहत अवैध खनन माफियाओं पर पूरी तरह से लगाम लगाने के लिए क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कौशल ने खनिज विभाग द्वारा लापरवाही बरतने पर अधिकारियों को फटकार लगाई और फोरमैन को चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान पहाड़ी के नांगल जोन, धौलेट, सेवल और टेस्की के खनन क्षेत्रों का निरीक्षण कर खनन सामग्री परिवहन हेतु बनाए गए गैर कानूनी मार्गों को अवरुद्ध करने के साथ ही पटवारी और तहसीलदार को अवरुद्ध खनन परिवहन मार्गों की निगरानी करने के निर्देश दिए।

## गणगौर मेले का हैला ख्याल दंगल के साथ समापन

**सूरौठ,** (निसं)। कस्बे में चल रहे चार दिवसीय गणगौर मेले का सीताराम जी मंदिर के सामने मुख्य बाजार में हैला ख्याल दंगल के साथ समापन हुआ।

समारोह में ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल पाराशर, अठावाल समाज अध्यक्ष घनश्याम मंगल, सरपंच प्रतिनिधि रामवतार शर्मा, विश्राम मीणा, जाकिर हुसैन, व नरेंद्र बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि हैला ख्याल दंगल में सूरौठ धाधरैन, खरैरी बागरैन, जटवाडी, सोप हनुमान भक्त मंडल सहित 10 हैला ख्याल गायन पार्टीयों ने दंगल में भाग लिया हैला ख्याल गायन पार्टी में द्वारा बारी-बारी से धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक समस्याओं पर गायन प्रस्तुत कर मन प्रफुल्लित कर दिया सर्व समाज के पंच पटेल द्वारा सभी पार्टियों के सदस्यों का माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया गया, व साथ ही ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल पाराशर कि ओर से पधारे हुए सभी हैला ख्याल गायन पार्टियों को गणेश जी भगवान कि शील्ड वितरित कि गई, इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि राम अवतार शर्मा, नत्थू सिंह राजावत, ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल पाराशर स्वागत सम्मान किया गया, मेले के अंतर्गत झूलों में बच्चे जवान, और बुजुर्ग झूलते हुए नजर आए, गंगौरी बाजार में सूरौठ ठाम में जुडे हुए समीप के गांव के लोगों ने जमकर खरीदारी की मेले में मेला कमेटी की ओर से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन में झांकियां में सभी कार्य में सहयोग करने वाले लोगों का मेल कमेटी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया समापन समारोह के मौके पर वेदप्रकाश शर्मा, महादेवा जांगिड़ लट्टे पटेल प्रेम पटेल, मदन पटेल, भगवान सिंघल, शिवदयाल शर्मा राजेंद्र शर्मा अमरसिंह मीना भोलेशंकर शर्मा घनश्याम मंगल प्रमोद तिवारी, रमाकांत शर्मा संतोष शर्मा, बत्तू मेम्बर, टीपू विजयवर्गीय, बबलू तिवारी प्रहलाद बाबा, मेघ चंद मीना रामचरण, संजय बाबू खांन, रोशन, सतीश कमलेश महावर भगवान शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दौरदा में जिला कलक्टर यादव ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

## कलेक्टर ने लाल महल के जर्जर भवन को सही कराने की बात कही

**रूपवास,** (निसं)।जिला कलक्टर डॉ अमित यादव ने गांव दौरदा में जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं को सुना। तथा अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। इसके बाद लाल महल के जर्जर भवन को सही कराने, मिडल स्कूल के बरामदे में टूटी हुई पट्टियों को बदलवाने की भी बात कही। गांव दौरदा में जनसुनवाई के दोरान पूर्व प्रधान रविन्द्र सिंह परमार ने लोगो के नाम खाध्य सुरक्षा योजना में जोड़ने, फार्मर रजिस्ट्री के दुबारा कैम्प लगवाने, गर्मी के मौसम को देखते हुए चंबल परियोजना के लग रहे पॉइंट को

■ **डॉ अमित यादव ने शाही तालाब व लाल महल के आस पास कार्य शुरू नहीं होने पर जताई नाराजगी**

बढ़वाने, सड़क डलवाने, स्कूल में कक्षाकक्ष बनवाने व गांव में सीसी सड़क बनवाने की बात कही। इसके बाद कलेक्टर ने शहर के लाल महल, शाही तालाब, गांधी पार्क व मिडल स्कूल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान



जिला कलक्टर डॉ अमित यादव ने शाही तालाब व लाल महल का निरीक्षण किया।

एसडीएम विष्णु बंसल, तहसीलदार अमित शर्मा, ईओ योगेश पिप्पल, जेईएन अरविंद सिंह साथ थे। डीएम डॉ अमित यादव ने शाही तालाब व लाल महल के आस पास अभी तक कार्य शुरू नही होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए ईओ से जबाव तलब किया। वही संवेदक को तुरंत बुलाकर बारिश से पहले कार्य शुरू कराकर खत्म कराने के निर्देश दिए। वही गांधी पार्क में साफ सफाई व्यवस्था सही रखने, ताला लगाकर नही रखने, आमजन के लिए खुला रखने, बडी लाइट को चालू करवाने, अतिक्रमण को हटवाने व समय समय पर इसकी देखरेख करते रहने के भी निर्देश दिए।

## किसानों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन


**नदबई,** (निसं)। नदबई कृषि मंडी पसिर में सरकारी लैब खराब होने व किसानों को मजबूरीवश निजी लैब में सरसों जांच कराते हुए आर्थिक नुकसान होने का आरोप लगाते हुए किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। जिसमें व्यापारियों से मिलीभगत कर सरसों जांच कम होने का आरोप लगाया। बाद में एसडीएम गंगाधर मीणा ने मंडी सचिव को समस्या समाधान करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि, कृषि मंडी परिसर में किसानों की सरसों बिक्री में सहूलियत को लेकर करीब 15 लाख रुपए की लागत से सरकारी लैब शुरु हुई। लेकिन, जून 2023 में विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट होने के चलते सरसों लैब जांच मशीन खराब हो गई। सरसों लैब जांच मशीन खराब होने से किसानों को मजबूरीवश निजी लैब में जांच कराते हुए सरसों बिक्री करना पड रहा। दूसरी ओर, विभागीय अधिकारियों ने भी महज औपचारिक कागजी प्रक्रिया करते हुए किसानों की पीड़ा को अनदेखा कर लिया। उधर, मंडी सचिव अखिल शर्मा ने जून 2023 में विद्युत फॉल्ट के चलते जांच मशीन खराब होने व नवीन मशीन को लेकर विभाग में प्रस्ताव भिजवा के बारे में बताया। वही, विभाग से वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति मिलने पर समस्या समाधान का आश्वासन दिया।

# भरतपुर विकास प्राधिकरण बोर्ड की वित्तीय बैठक सम्पन्न

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर विकास प्राधिकरण बोर्ड की जिला कलक्टर एवं बीडीए अध्यक्ष डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में लिये गये प्रस्तावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

जिला कलक्टर ने बीडीए सचिव नीलिमा तक्षक को बजट घोषणा के भूमि आवंटन प्रस्ताव बनाकर शीघ्र भिजवाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यूडीएच द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार कार्मिक लगाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी क्षेत्र में जरूरतमंद आवासहीन परिवारों को सरकार के मापदंडानुसार चिन्हित कर लाभान्वित कराये जाने हेतु आवासीय योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीडीए के क्षेत्र में विभिन्न सडकों एवं अन्य विकास कार्यों के लिए विस्थापित, हटाई अथवा तोडी जाने वाली दुकानों को यूडीएच के नियमानुसार उपयुक्त स्थान पर स्थान्तरित करने हेतु नियमों की पालना करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 के वास्तविक आय एवं व्यय का अनुमोदन एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के संभावित आय-व्यय बजट अनुमान की स्वीकृति तथा बजट को 1 अप्रैल से लागू करने संबंधी प्रस्ताव पर सहमति बनी। प्राधिकरण के आगामी वित्तीय वर्ष



भरतपुर विकास प्राधिकरण बोर्ड की जिला कलक्टर एवं बीडीए अध्यक्ष डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई

में होने वाले संभावित आय एवं प्राप्त होने वाले ऋण/ग्रान्ट के विरूद्ध प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कराने पर सदन के समक्ष सहमति हुई। प्राधिकरण की योजनाओं और गैर योजना क्षेत्र में विकास कार्य की जारी हो चुकी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति का अनुोदन किया गया। बीडीए आयुक्त प्रतीक जुईकर ने बताया कि शहर में प्राधिकरण द्वारा कराये जाने वाले मुख्य 10 विकास कार्यों में लगभग 12209 लाख रूपये की राशि व्यय की जायेगी। शीशम तिराहे से काली बगीची होते हुए हीरादास सर्किल वाया चामड माता मंदिर से सरसों अनुसंधान केन्द्र तक सडक चौडाईकरण, सुदृढीकरण एवं सौन्दर्यीकरण तथा ड्रेनेज कार्य, गैर योजना क्षेत्र मुरवारा रोड से आरएनएफसीडी तक वाया कृषि उपज मण्डी सी-6डी ड्रेन का निर्माण कार्य, लोहागढ स्टेडियम से वाया जसवंत प्रदर्शनी, अनाहगेट सीएफसीडी तक नाला निर्माण कार्य, प्राधिकरण की योजना संख्या 13 के ईएसजेड प्रभावित क्षेत्र में झील हेतु मिट्टी खुदाई कार्य, ग्रामीण हाट, भरतपुर रीजन का मास्टर प्लान तैयार करने के आदि कार्यों पर सहमति हुई। उन्होंने बताया कि एमएसजे कॉलेज चौराहे से घासीराम तिराहा तक एचटी एवं एलटी विद्युत लाइन अन्डर ग्राउण्ड शिफ्टिंग कार्य, प्राधिकरण की योजना संख्या 13 में अजान नहर के दौनों तरफ सडक मार्ग पर डामरीकरण कार्य, घना रोड पर घना गेट से सलूजा हॉस्पीटल तक तथा गिर्राज कैनाल के दौनों तरफ सर्विस रोड पर बीईएसएल द्वारा विद्युत लाइन शिफ्टिंग कार्यों पर सहमति बनी।